पाठ 15. नेताजी बोस

पाठ का उद्देश्य

नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बारे में जानकर बच्चों में देशप्रेम की भावना जागेगी। पाठ सुनने से उनके श्रवण कौशल का विकास होगा तथा जब वे अध्यापक/अध्यापिका द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देंगे तो उनमें आत्मविश्वास जागेगा। नेताजी बोस जैसे विशिष्ट व्यक्तित्व का उन्हें परिचय प्राप्त होगा। बच्चों में अन्य देशभक्तों को जानने की उत्सुकता बढ़ेगी। पाठ के प्रश्नों को सुनने तथा उत्तर देने से उनका भाषा-ज्ञान बढ़ेगा और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।

- अध्यापक/अध्यापिका पाठ को शुद्ध उच्चारण सहित पढ़कर बच्चों को सुनाएँ।
- पाठ सुनाने के बाद उनसे पाठ से संबंधित प्रश्न पूछें।
- प्रश्न का उत्तर बताने के लिए बच्चे अपने मित्रों से चर्चा भी कर सकते हैं।
- बच्चों के द्वारा उत्तर देने पर उनका उत्साहवर्धन करें।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा-संबंधी तथा बहुविध बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। अपने मित्रों के साथ चर्चा करने व अपने विचार अभिव्यक्त करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।